दिनांकः 28.08.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राज्य मंत्रिमंडल की आज जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में बैठक होगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले होने की संभावना है। बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा के साथ ही प्रदेश में तेज बारिश से हुए नुकसान का आकलन किया जा सकता है। राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट पर चर्चा के अतिरिक्त उद्योग और मेडिकल ट्यूरिज्म सहित कुछ नीतियों को मंजूरी मिलने की संभावना है। बैठक में यूनिफाइड पेंशन स्कीम–यूपीएस के अलावा स्थानान्तरण पर से प्रतिबंध हटाने पर भी चर्चा के आसार हैं।

....

प्रदेश के शीर्ष पुलिस अधिकारियों का सम्मेलन आज से जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। दो दिन तक चलने वाले सम्मेलन में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और जनसुरक्षा से जुड़े सरोकारों पर चर्चा की जाएगी। 'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस–द वे फॉरवर्ड' विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में राज्य में बेहतर पुलिसिंग पर केन्द्रित मुद्दों पर राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और विषय विशेषज्ञ अलग–अलग सत्रों में अपना प्रस्तुतीकरण भी देंगे।

....

प्रधानमंत्री जन धन योजना ने आज 10 साल पूरे कर लिए हैं। योजना के तहत अब तक 53 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा चुकी है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लाभार्थियों को बधाई दी है और इस योजना को सफल बनाने वालों को धन्यवाद दिया है।
प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जन धन योजना ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों, विशेषकर महिलाओं, युवाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सम्मान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस योजना के तहत 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण या अर्ध–शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। योजना के तहत खोले गये कुल खातों में से 55 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं।

....

सीकर के रींगस में राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर आज सुबह एक सड़क दुर्घटना में कार में सवार चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। ये हादसा एक ट्रोले के कार पर चढ़ जाने से हुआ। मृतक झुंझुनूं के प्रतापपुरा के रहने वाले थे।

....

सम्पूर्णता अभियान के तहत कोटपूतली–बहरोड़ जिले के आशान्वित ब्लॉक नीमराना में चल रही गतिविधियों के संबंध में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने समीक्षा बैठक की। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को अभियान के तहत निर्धारित छह सूचकाकों का अगले महीने तक शत–प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने और उनकी नियमित मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिये।

....

जयपुर ग्रेटर नगर निगम की ओर से आमजन को मौसमी बीमारियों से बचाने के लिए आज से अभियान चलाकर दवा का छिड़काव और फोगिंग करवाई जा रही है। मॉनसून में मच्छर जनित मौसमी बीमारियां मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया की प्रभावी रोकथाम के लिए ये अभियान एक महीने तक चलेगा। अभियान के तहत दो पारियों में जोन और वॉर्ड वार फोगिंग, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव और एंटीलार्वा गतिविधियां करवाई जाएंगी। निगम आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने आमजन से अपने घर, दुकान, कार्यालय और परिसर के बाहर कूडे, कबाड़, टायर, टंकी और गढढों में पानी इकट्ठा नहीं होने देने की अपील की है।

....

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण–ट्राई के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी ने अवांछित संदेशों और कॉल की समस्या से निपटने के लिए संयुक्त प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया है। उपभोक्ताओं को अवांछित कॉल और फर्जी संदेशों से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए नियामक प्राधिकरण की संयुक्त समिति की कल नई दिल्ली में बैठक हुई। बैठक के दौरान दूरसंचार संसाधनों का उपयोग करके धोखाधड़ी को नियंत्रित करने के लिए नियामकों के बीच सूचनाओं का आदान–प्रदान बढ़ाने पर भी चर्चा की गई।

....

भारत ने मंकीपॉक्स की जांच के लिए स्वदेशी आरटी–पीसीआर परीक्षण किट विकसित कर ली है। केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने इस बीमारी के लिए सिमेन्स हैल्दीनीर की आरटी–पीसीआर किट को मंजूरी दे दी है। इसका इस्तेमाल आई.एम.डी.एक्स. मंकीपॉक्स के निदान के लिए किया जाएगा। इसके जरिए मात्र चालीस मिनट में परिणाम प्राप्त किया जा सकेगा, जो अन्य जांच पद्वतियों की तुलना में अधिक तेज है।

....